# सोटे से काम चलाते हैं | By Gungun Dubey

सोटे से काम चलाते हैं जब हाथों से ना बात बने
गदा उठाकर आते हैं कोई सच्चे मन से याद करे

पर्वत को उठाया इन्होने और सात समंदर लांघे
श्री राम को जपते जपते दुश्मन को लगाए ठिकाने
लंका में आग लगा कर के देखो भक्तों हनुमान चले
गदा उठाकर आते हैं कोई सच्चे मन से याद करे

हाथों में लेकर माला भजते हैं बजरंग बाला
बजे तीन लोक में डंका वो माँ अंजनी का लाला
संकट मोचन नाम कहे बजरंगी बलवान चले
गदा उठाकर आते हैं कोई सच्चे मन से याद करे

गुनगुन की लाज बचाना बजरंग बली हनुमाना
तुम अष्टसिद्धि के दाता तुम्हे सारे जगत ने जाना
तुम हो जगत के दु:ख हर्ता तुमसे ही सभी के काम चले
गदा उठाकर आते हैं कोई सच्चे मन से याद करे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%8b%e0%a4%9f%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-gungun-dubey/